गाज़ा पट्टी

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

इज़राइल और हमास आतंकवादियों के बीच हाल ही में बढ़े संघर्ष के कारण गाज़ा पट्टी वैश्विक सुर्खियों में आ गया है।

- इस उथल-पुथल के बीच इज़राइल के रक्षा मंत्री ने क्षेत्र के आवश्यक संसाधनों को बंद करते हुए, **गाज़ा पट्टी की "पूर्ण घेराबंदी"** की घोषणा की। इस कदम ने **वर्ष 2007 से** जारी **गाज़ा नाकाबंदी** के लंबे समय से चले आ रहे विवादास्पद मुद्दे को उजागर किया है।

//

गाज़ा पट्टी के संबंध में महत्त्वपूर्ण पहलू?

- **परिचय: गाज़ा पट्टी पूर्वी भू-मध्यसागरीय बेसिन** में स्थित है, जो दक्षिण **पश्चिम में मिस्र** और **उत्तर व पूर्व में इज़राइल** के साथ सीमा साझा करती है। पश्चिम में यह भूमध्य सागर से घिरा हुआ है।
    - यह **विश्व स्तर पर सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक** है, जहाँ एक **छोटे से क्षेत्र में 2 मिलियन से अधिक निवासी** रहते हैं।
    - **गाज़ा की स्थितियों** को दर्शाने के लिये शिक्षाविदों, कार्यकर्त्ताओं और पत्रकारों द्वारा **"ओपन एयर प्रिज़न"** शब्द का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है।
- **ऐतिहासिक महत्त्व:**
    - वर्ष 1967 के छह-दिवसीय युद्ध के परिणामस्वरूप **इज़राइल ने गाज़ा पर अधिकार कर लिया** और क्षेत्र पर अपना सैन्य **कब्ज़ा** शुरू कर दिया।
        - इज़राइल ने वर्ष 2005 में गाज़ा से अपनी बस्तियाँ हटा लीं, लेकिन इस अवधि में **व्यक्तियों और वस्तुओं की आवाजाही पर कभी-कभी** नाकाबंदी भी हुई।
    - वर्ष 2007 में **हमास के गाज़ा में सत्ता संभालने के बाद, इज़राइल और मिस्र** ने इसे सुरक्षा हेतु आवश्यक बताते हुए **स्थायी**

नाकाबंदी लागू कर दी।

- [मानवीय मामलों के समन्वय के लिये संयुक्त राष्ट्र कार्यालय](#) **(United Nations Office for the Coordination of Humanitarian Affairs- UN-OCHA)** ने बताया कि नाकाबंदी ने गाज़ा की अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में उच्च बेरोज़गारी, खाद्य असुरक्षा और सहायता निर्भरता बढ़ गई है।

- **संबंधित सीमा क्षेत्र:**
  - **गाज़ा तीनों ओर से स्थल से घिरा हुआ क्षेत्र है, हालाँकि जमीन के सिर्फ दो तरफ इज़राइल है लेकिन पश्चिम की दिशा में [भूमध्यसागर](#) में इसकी जलीय सीमा इज़राइल द्वारा नियन्त्रित होती है। जिससे समुद्र के रास्ते प्रवेश पर रोक लग जाती है।**
    - इसमें तीन कार्यात्मक सीमा क्रॉसिंग मौजूद हैं- **करीम अबू सलेम क्रॉसिंग एवं इज़राइल द्वारा नियंत्रित इरेज़ क्रॉसिंग और मिस्र द्वारा नियंत्रित राफा क्रॉसिंग ।**
    - वर्तमान शत्रुता के प्रतिउत्तर में इन क्रॉसिंगों को सील कर दिया गया है।
- **सुर्खियों में संबद्ध स्थान:**



UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. योम किप्पुर युद्ध किन पक्षों/देशों के बीच लड़ा गया था? (2008)

(a) तुर्किये और ग्रीस
(b) सर्ब और क्रोट्स
(c) मिस्र और सीरिया के नेतृत्व में इज़रायल और अरब देश
(d) ईरान और इराक

उत्तर: (c)

प्रश्न . भूमध्य सागर निम्नलिखित में से किस देश की सीमा है? (2017)

1. जॉर्डन
2. इराक
3. लेबनान
4. सीरिया

निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) केवल 1, 3 और 4

उत्तर: (C)

- भूमध्य सागर तटरेखा वाले कुछ देश:
- उत्तरी तट (पश्चिम से पूर्व की ओर): स्पेन, फ्राँस, मोनाको, इटली, स्लोवेनिया, क्रोएशिया, बोस्निया तथा हर्जेगोविना, मोंटेनेग्रो, अल्बानिया, ग्रीस, तुर्की।
- **पूर्वी तट (उत्तर से दक्षिण की ओर):** तुर्की, सीरिया, लेबनान, इज़रायल, मिस्र।
- **अतः 3 और 4 सही हैं।**
- दक्षिणी तट (पश्चिम से पूर्व की ओर): मोरक्को, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, लीबिया, मिस्र।
- **द्वीप राष्ट्र:** माल्टा, साइप्रस।
- **अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**

प्रश्न. दक्षिण-पश्चिम एशिया का निम्नलिखित में से कौन-सा एक देश भूमध्यसागर तक फैला नहीं है? (2015)

(a) सीरिया
(b) जॉर्डन
(c) लेबनान
(d) इज़रायल

उत्तर: (b)

प्रश्न. 'गोलन हाइट्स' के नाम से जाना जाने वाला क्षेत्र निम्नलिखित में से किससे संबंधित घटनाओं के संदर्भ में यदा-कदा समाचारों में आता है? (2015)

(a) मध्य-एशिया
(b) मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट)
(c) दक्षिण - पूर्व एशिया
(d) मध्य अफ्रीका

उत्तर: (b)

प्रश्न. कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित पद "टू-स्टेट सोल्यूशन" किसकी गतिविधियों के संदर्भ में आता है? (2018)

(a) चीन
(b) इज़रायल
(c) इराक
(d) यमन

उत्तर: (b)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gaza-strip-1